BSNLEU

BSNL EMPLOYEES UNION

Central Head Quarters

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

P. Abhimanyu
General Secretary

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in

बीएसएनएलईयू / 102 (सर्कुलर सं 04 / 2022–25) **दिनांक 18 अक्टूबर 2022**

सेवा में,

सर्किल सचिव
और केंद्रीय पदाधिकारी।

प्रिय साथियो,

बीएसएनएल कार्यकारी महिला समन्वय समिति (बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी) का दूसरा अखिल भारतीय सम्मेलन 10.12.2022 को कन्याकुमारी में होगा।

जैसा कि सीएचक्यू ने पहले ही सूचित किया है, बीएसएनएल कार्यकारी महिला समन्वय समिति (बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी) का दूसरा अखिल भारतीय सम्मेलन 10.12.2022 को कन्याकुमारी में होने जा रहा है। बीएसएनएलईयू तमिलनाडु सर्किल यूनियन और बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी, तमिलनाडु सर्किल अखिल भारतीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। बीएसएनएलईयू का सीएचक्यू बीएसएनएलईयू तमिलनाडु सर्किल यूनियन और बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी, तमिलनाडु सर्किल को इस अखिल भारतीय सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए बधाई देता है।

महिलाएं भारतीय आबादी का आधा हिस्सा है। लेकिन, उन्हें अनेक भेदभावों, षोषणों और अत्याचारों का सामना करना पड़ता है। हम मीडिया में रोजाना देष में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के बारे में सुनते है। मजदूर वर्ग समाज का सर्वाधिक प्रगतिषील हिस्सा है। इसलिए, मजदूर वर्ग का, महिलाओं द्वारा सामना की जा रही सभी तरह की परेषानियों के खिलाफ लड़ने का कर्तव्य है।

बीएसएनएल में भी, महिलाएं अनेक समस्याओं का सामना कर रही है। यौन उत्पीड़न, लैंगिक भेदभाव, बुनियादी सुविधाओं की कमी, आम समस्याएं हैं। बीएसएनएलईयू ने महिलाओं की समस्याओं को हमेषा प्राथमिकता के आधार पर उठाया है। उदाहरण के लिए, भारत सरकार द्वारा चाइल्ड केयर लीव लागू किए जाने के बाद, बीएसएनएल प्रबंधन ने उसे बीएसएनएल में लागू करने से इनकार कर दिया, बेषक, बीएसएनएल में केंद्र सरकार के नियमों पर अमल किया जाता है। बीएसएनएलईयू ने गंभीर प्रयत्न किए और अंततः बीएसएनएल में चाइल्उ केयर लीव को लागू कराने में सफल रही।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न एक गंभीर समस्या है जिसका सामना बीएसएनएल में काम कर रही महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। दुर्भाग्य से, सभी सर्किलों में काम कर रही आंतरिक षिकायत समितियां (आईसीसीज) यौन उत्पीड़न को रोकने में निष्प्रभावी साबित हुई हैं। अधिकतर, इस आईसीसीज को पुरुष अधिकारियों द्वारा प्रभावित किया जाता है। बीएसएनएलईयू ने यौन उत्पीड़न के मामलों को उठाने में अत्यधिक प्राथमिकता दिखाई है। इसने यौन उत्पीड़नों के मामलों में, जैसे कि पांडुचेरी और षिमला जैसे स्थानों में, प्रभावी तरीके से हस्तक्षेप किया है। वर्तमान में, बीएसएनएलईयू और बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी लुधियाना में हुए यौन उत्पीड़न के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ रहे है।

बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी का पहला अखिल भारतीय सम्मेलन 2017 में हैदराबाद में हुआ था। तब से, बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी के साथ, बीएसएनएलईयू बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी के सर्किल स्तरीय संगठनों का गठन करने के प्रयत्न कर रही है। इस मुद्दे पर बीएसएनएलईयू की कई सीईसी मीटिंगों में चर्चा हुई है और निर्णय लिए गए है। लेकिन, हम निर्णयों को लागू करने में सफल नहीं हुए हैं। यहां तक कि, बीएसएनएल में वीआरएस के लागू होने के बाद भी, बीएसएनएल में बड़ी संख्या में महिलाएं एक्जीक्यूटिवों, नॉन–एक्जीक्यूटिवों और ठेका मजदूरों के रूप में काम कर रही हैं। और अधिक सर्किलों में बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी को षुरू करने और उस संगठन को मजबूत करने के लिए बहुत अधिक संभावनाएं हैं।

इन परिस्थितियों में, बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी का दूसरा अखिल भारतीय सम्मेलन कन्याकुमारी में होने जा रहा है। जैसा कि हम सभी जानते हैं, बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी कोई अलग संगठन नहीं है, बल्कि बीएसएनएलईयू की एक उप समिति है। बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी को मजबूत करना निष्चित रूप से बीएसएनएलईयू को मजबूत करना होगा। बीएसएनएलईयू के अखिल भारतीय केंद्र की 15.10.2022 को हुई मीटिंग ने तय किया है कि सभी सर्किल यूनियनों को बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी के दूसरे अखिल भारतीय सम्मेलन में डेलीगेट भेजने के लिए पहल करनी चाहिए। अखिल भारतीय केंद्र की मीटिंग ने यह भी तय किया है कि, यात्रा खर्च और डेलीगेट फीस भी, क्रमिक सर्किल यूनियन द्वारा वहन की जानी चाहिए।

अतः, सीएचक्यू सभी सर्किल यूनियनों से अनुरोध करता है कि उन्हें इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी के दूसरे अखिल भारतीय सम्मेलन में डेलीगेट भेजने के लिए व्यवस्था करनी चाहिए।

सधन्यवाद

आपका

(पी अभिमन्यु)
महासचिव